कूटरचित दस्तावेज तैयार कर राजसात वाहन को सुपुर्दनामे पर लेने वालों को पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

गाडरवारा देशबन्धु। विगत दिवस आरक्षी केन्द्र चीचली के अपराध कमांक 280/2019 में सूरज सिंग राठौड़ द्वारा आरोपीगण देवेश कौरव एवं नारायण सिंह उर्फ छुट्टू कौरव को अलग- अलग धाराओं में पांच - पांच वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2-2 हजार रुपए के अर्थ दंड से दंडित किया गया।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना चीचली में पदस्थ आरक्षक को दिनांक 22/07/2019 को मुखविर द्वारा ट्रेक्टर - ट्राली से अवैध रुप से परिवहन की सूचना मिलने पर वाहन ट्रेक्टर क्रं. एमपी. 49 ए 9839 मय ट्राली जप्त किया एवं उपनिरीक्षक ने दिनांक 20/07/2019 को अवैध परिवहन में ट्राली जप्त किया तथा उक्त वाहनों के संबंध में प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय खनिज शाखा नरसिंहपुर को प्रेषित किया। कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा नरसिंहपुर द्वारा राजस्व प्रकरण क्र. 127 ए/67 वर्ष 2019 -20 म.प्र. शासन विरुद्ध देवेश दर्ज कर देवेश को अपना पक्ष रखने के लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। पश्चात आदेश दिनांक 24/09/2019 के अनुसार देवेश से जप्त की गयी ट्राली को राजसात किया गया। कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा नरसिंहपुर द्वारा राजस्व प्रकरण क्रमांक 108 ए / 67 वर्ष 2019 -20 मप्र शासन विरुद्ध राजकुमार व नारायण दर्ज कर राज कुमार व नारायण को अपना पक्ष रखने के लिए कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया। पश्चात आदेश दिनांक 24/09/2019 के अनुसार राजकुमार व नारायण द्वारा जप्तशुदा ट्रेक्टर क्र. एम. पी. 49 ए 9839 व ट्राली को राजसात किया।

दिनांक 13/12/2019 को अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गाडरवारा को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि देवेश कौरव की ट्राली एवं नारायण सिंह की ट्रेक्टर - ट्राली जो थाना चीचली द्वारा अवैध रेत खनन व परिवहन में जप्त किए थे, देवेश कौरव व नारायण सिंह द्वारा फर्जी आदेश तैयार कर थाना चीचली से उक्त वाहन सुपुर्दगी पर ले गए। इसके बाद थाना चीचली से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त किए, खनिज शाखा प्रभारी नरसिंहपुर से प्रतिवेदन प्राप्त किया, जिसमें जानकारी दी कि कार्यालय द्वारा उक्त वाहन को मुक्त करने के संबंध में कोई आदेश प्रदान नहीं किया गया है। इसके बाद आरोपी देवेश व नारायण सिंह के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध करने हेतु निर्देशित किया । पश्चात आरोपी देवेश व नारायण के विरुद्ध दिनांक 27/12/2019 को अपराध क्रमांक 280/19 अंतर्गत धारा 420,467,468,471 भादवि के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना में आरोपी देवेश कौरव व नारायण कौरव ने मिलकर दिनांक 18/10/2019 को कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर खनिज शाखा का फर्जी आदेश राजेश सराठे की गाडरवारा स्थित प्रिंटिंग प्रेस की दुकान के कम्प्यूटर से व सील बनाने की मशीन से फर्जी सील तैयार कर देना व उक्त फर्जी आदेश पर सील लगाकर थाने में जप्तशुदा उक्त वाहन को सुपुर्दनामे पर लेना बताया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने आरोपी देवेश कौरव एवं नारायण सिंह को दोषी मानते हुए भादवि की धारा 420,467, 468, 471 प्रत्येक धारा में पांच -पांच वर्ष के सश्रम कारावास, 2-2 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। वही आरोपी राजेश सराठे को दोषमुक्त कर दिया। शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने पैरवी की।

कैबिनेट मंत्री सिंह ने सुनी मन की बात

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनता से संवाद के लोकप्रिय कार्यक्रम ''मन की बात'' का 120 वें संस्करण मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह व भाजपा जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने देखा एवं सुना मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात का कार्यक्रम जीवन मूल्यों में बदलाव लाने के लिए प्रेरक है। मन की बात प्रेरणा देने वाला कार्यक्रम तो है ही साथ देश भर के अनेक नवाचार को आत्मसात करने का मौका भी देता है। वही जिला अध्यक्ष रामस्नेही पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आज के कार्यक्रम में हमारे देश के छोटे-छोटे नेनिहालो को गर्मी की छुट्टियां कैसे बिताए इसके लिए बच्चों को प्रेरक उद्बोधन दिया । उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर जिला महामंत्री डॉक्टर हरगोविंद पटेल,ठाकुर राजीव सिंह, नंदकिशोर ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति काकोड़िया, उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता ठाकुर जी, जिला उपाध्यक्ष हरिप्रताप ममार, जिला कोषाध्यक्ष नीलकमल जैन, जिला कार्यालय मंत्री कमल सिंह जाट, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निशा सोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अबरार मंसूरी, मंडल अध्यक्ष अंशुल नेमा, जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत श्रीवास्तव, शैलेन्द्र शर्मा शिवम श्रीवास्तव सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सार-समाचार

जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में रिछई नाले में हुआ बंधान

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जायेगा। इसी क्रम में मप्र जन अभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में रीछई नाले में 60 बोरी से बंधान कर जल का संरक्षण किया गया। जिला समन्वयक मप्र जनअभियान परिषद जय नारायण शर्मा व विकासखंड करेली समन्वयक श्रीमती माधवी पाठक के मार्गदर्शन में करेली सेक्टर के सुआतला के ग्राम रीछई में नवांकुर संस्था रमपुरा, पिपरहा व नन्ही झामर के तत्वाधान में बोरी बंधान किया गया। इस अवसर पर सचिव ग्राम पंचायत रीछई रणधीर सिंह लोधी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नवांकुर संस्था रमपुरा के भगवान सिंह, राजा लोधी, नवांकुर संस्था नन्ही झामर के रघुनंदन लोधी, नवांकुर संस्था पिपरहा से राधेश्याम मलाह, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रीछई के सतेंद्र सिंह राजपूत, ब्रजेश विश्वकर्मा, लक्ष्मण सिंह लोधी, अजय लोधी, विजय लोधी, ग्राम कोटवार रीछई मनीष गोलंदाज, रमपुरा रवि नोरिया सहित आम नागरिक मौजूद थे।

स्कूलों मे एफएलएन मेलों के द्वितीय चरण का आयोजन संपन्न

गाडरवारा देशबन्धु। बीते शनिवार को क्षेत्रीय शासकीय स्कूलों मे कक्षा पहली एवं दूसरी के बच्चों के लिए एफएलएन मेलों का आयोजन किया गया। इन मेलों मे विभिन्न स्टालों के अंतर्गत पंजीयन, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित की पूर्व तैयारी, बच्चों का कोना इत्यादि के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों यथा संतुलन, हाथ के कार्य, निशाना लगाना, चित्र वाचन, पढ़ना, गिनना, अंक पहचान, बढ़ते क्रम में, जोड़ घटाव, हाथों का समन्वय, सामाजिक व भावनात्मक विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर बच्चों की गतिविधियां कराई गईं । क्षेत्र के साईंखेड़ा एवं चीचली ब्लॉक की शासकीय शालाओं मे आयोजित इन मेलों मे बच्चों की माताओ को भी आमंत्रित किया गया था। विदित हो कि मेलों के आयोजन को लेकर यूट्यूब लिंक से शिक्षकों का प्रशिक्षण पहले ही हो चुका था। उल्लेखनीय है कि यह सत्र 2024-25 मे दूसरे चरण के मेलों का आयोजन था।

संपदा 1.0 का संचालन होगा बंद

नरसिंहपुर, देशबन्धु। महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश में एक अप्रैल से केवल संपदा 2.0 प्रणाली के माध्यम से ही ई- पंजीकरण एवं ई- स्टाम्पिंग की जा सकेगी। संपदा प्रणाली के पूर्व संस्करण 1.0 का संचालन नवीन दस्तावेज पंजीयन एवं ई- स्टाम्प जारी करने के लिए बंद कर दिया जायेगा। यह जानकारी जिला पंजीयक नरसिंहपुर ने दी है।

एनपीएस स्कूल जाने वाले मार्ग में जगह-जगह गाड़ी एवं स्पीड ब्रेकर

गाडरवारा, देशबन्धु। स्थानीय पुरानी गल्ला मंडी से पुराने यूनियन बैंक होते हुए एनपीएस स्कूल एवं बाईपास मार्ग जाने वाले सड़क मार्ग जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे देखे जा सकती है तथा इस बार पर करीब एक दर्जन स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं जो आने आने-जाने वालों को परेशानी का सबब बने हुये है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है जो जल्दी स्कूल जाने के चक्कर में स्पीड बेकरो से गिर रहे हैं। जन अपेक्षा है की नगर पालिका प्रशासन ध्यान देकर इस महत्वपूर्ण मार्ग को पुन: बनवाएं ताकि आने जाने वालों एवं स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़े।

चैत्र नवरात्र : नौ दिनों तक भक्ति की बहेगी की बयार

देवी मंदिरों में सुबह की पहली भोर पर जल अर्पण करने पहुंचे श्रद्धालु

नरसिंहपुर, देशबन्धु। शक्ति की भक्ति का महापर्व चैत्र नवरात्र महोत्सव रविवार से प्रारंभ हो गया है। इसके साथ ही मां दुर्गा के विभिन्न रूपों की चैत्र नवरात्रि के अवसर पर शक्ति उपार्जन के लिए साधना आराधना शुरू हो गई है। नवरात्र के प्रथम दिवस बैठकी पर नगर के सदर मढ़िया स्थित कालीमठ, राधाकृष्ण मंदिर, रामजानकी मंदिर, विलासो माता, जगततारणी दरबार, खेरापति मंदिर, बड़े पुल के पास काली मंदिर के साथ ही अन्य मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अलसुबह पहुंचकर मातारानी को जल अर्पित किया। जल चढ़ाने का यह क्रम 9 दिनों तक यूं ही असीम श्रद्धा और विश्वास के साथ चलता रहेगा। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक स्थानों पर घट स्थापना के साथ जवारे बोये जा रहे हैं। सभी ने पहले दिन माता शैलपुत्री का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर अपनी-अपनी श्रद्धा अनुसार उपवास रख रहे हैं। नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों और घरों में घट कलश की स्थापना की गई। अलावा इसके विधि-विधान के साथ माता रानी की पूजा अर्चना की गई। श्रद्धा भक्ति का यह दौर पूरे नौ दिन जारी रहेगा।

व्रत धारण कर शुरू हुई उपासना- नवरात्र के पावन मौके पर श्रद्धालुओं द्वारा कठिन उपवास धारण कर मातारानी की आराधना की जा रही है। कोई नौ दिनों तक निर्जला उपवास धारण किये हुये हैं तो कोई मौन व्रत में है तो किसी ने नवरात्र में मां को प्रसन्न करने के लिए अन्न त्याग कर दिया है। वहीं व्रतों के कारण फलों व अन्य फलाहारी सामग्रियों की मांग बढ़ गई है जिससे फलों के दामों में तेजी देखने को मिली है।

नगर में निकला जुलूस- भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2080 का शुभारंभ रविवार की सुबह सूर्य अर्घ्य अर्पित करने के साथ हो गया। इस अवसर पर धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये गये। नगर में सुबह के समय सिंधी समाज द्वारा वाहन रैली निकाली गई। वहीं शाम को हिन्दू उत्सव समिति ने भी जुलूस वाहन रैली नि कालकर नवरात्र पर्व का शुभारंभ किया। बताया जाता है कि इसी दिन भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक हुआ। सिंधी समाज के धर्म गुरू झूलेलाल का जन्म हुआ। जिसे गुडी पड़वा के रूप में मनाया जाता है। भगवान विष्णु ने इसी दिन जगत कल्याण के लिए मत्स्य अवतार लिया।

हिन्दू नववर्ष पर नगर में निकला जुलूस

ईदगाह में होगी सामूहिक ईद की नमाज

गाडरवारा देशबन्धु। मुस्लिम समुदाय का ईद का त्यौहार ईद का चांद नजर आते ही खुशनुमा अंदाज में एकता भाईचारे के साथ उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। राजीव वार्ड स्थित ईदगाह में ईद की नमाज सामूहिक रूप से सुबह 8.15 पर, जामा मस्जिद में सुबह8,45 बजे एवं फैजाने मदीना मस्जिद में सुबह 9.15 बजे, छोटी मस्जिद में 9,15 बजे नमाज अदा की जाएगी। नगर पालिका परिषद द्वारा ईदगाह एवं परिसर की समुचित साफ सफाई कर दी गई है जामा मस्जिद कमेटी द्वारा ईद की नमाज को लेकर ईदगाह में इंतजाम किए गए हैं। यह जानकारी जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने दी है।

तिलक लगा कर नववर्ष का किया आगाज

गाडरवारा, देशबन्धु। स्थानीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्वामी विवेकानंद संयुक्त शाखा में विक्रम संवत 2082 के आगाज के साथ झंडाचौक एवं अन्य स्थानों पर दुकानदारों एवं राहगीरों को उत्साह के साथ तिलक लगाकर हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। इस मौके पर छोटे बच्चे भी उत्साह से कार्यक्रम में शामिल रहे।

योजना अधिकारी नायक हुए सेवानिवृत

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ योजना अधिकारी जी के नायक की अर्धवार्षिकी पूर्ण होने पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महंत प्रीतम पुरी,समाजसेवी सुनील कोठारी की उपस्थिति में विदाभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार एवं कार्यालय स्टाफ द्वारा शाल श्री फल, स्मृति चिन्ह द्वारा श्री नायक एवं परिजन का आत्मीय अभिनंदन किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी श्री व्यौहार ने अनुशासित कुशल कार्यप्रणाली की सराहना की। व्हालिवाल जोनल सेक्रेट्री मनीष कटारे ने कहा कि आपकी अनुशासित जीवन पूर्ण कार्यशैली से युवाओं को उत्साह के साथ निर्भीकता से कार्य करने की सिख मिली है। श्री नायक ने 12 जनवरी 1987 को शासकीय सेवा पन्ना छतरपुर से प्रारम्भ की एवं छ मई 1991 से जिले में सेवारत रहते हुए 38 वर्ष 2 माह 18 दिन के सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए अपने व्यक्तिगत अनुभव को बताया ।

चैत्र नवरात्र शुरू होते ही भक्तिमय हुआ वातावरण

देवी मंदिरों में जलाभिषेक करने श्रद्धालुओं की लगी कतारें

गाडरवारा, देशबन्धु। चैत्र नवरात्र प्रारंभ होने के साथ शहर एवं ग्रामीण अंचलों में देवी मंदिरों के अलावा घरों घर शक्ति की अपार भक्ति दिखाई दी। रविवार को सुबह सबेरे से शहरी क्षेत्र के देवी मंदिरों खेरापति, बीजासेन, हिंगलाज, सिंहवाहिनी, शक्तिधाम, कांच मंदिर आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं का पूजा-अर्चना, जलाभिषेक करने तांता लगा रहा।

इसके अलावा नवरात्र प्रतिपदा के साथ अनेक जगह जवारों की स्थापना की गई। इनका विसर्जन नवरात्र समाप्त होने के साथ किया जाएगा। अनेक श्रद्धालु नवरात्र पर नर्मदा में स्नान करके नर्मदा जल लाकर देवी मंदिरों में मातारानी का जलाभिषेक कर रहे हैं। साथ ही अनेकों श्रद्धालुओं ने अपने घरों में घट कलश, जवारे की स्थापना के साथ नवरात्र का नौ दिवसीय उपवास प्रारंभ कर दिया है।

नवरात्र के प्रारंभ होने के पूर्व बाजार में देवी पूजन सामग्री फल के भाव में वृद्धि बताई गई। क्योंकि नवरात्र में इनकी मांग ज्यादा होने के महंगे हो जाते हैं। नवरात्र पर्व पर शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में देवी जागरण, देवी गीत, जस गीत, भगतों का आयोजन हो रहा है।

पंचांग पूजन कर नववर्ष मनाया

गाडरवारा देशबन्धु। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा नूतन वर्ष विक्रम संवत् 2082 चैत शुक्ल एकम बैठकी के दिन परंपरागत रूप से प्रात: की मंगल बेला में पंचांग पूजन संपन्न किया गया। ज्ञात हो कि भारतीय नव वर्ष पर नया पंचांग प्रारंभ होता है जिसकी शुरुआत में बैठकी के दिन पूजन की जाती है। पूजन कर प्रसाद का वितरण हुआ और सामूहिक आरती हुई। इस अवसर पर पंचांग के वार्षिक प्रतिफल का वाचन किया गया जिसमें यह बताया गया कि यह सब संवत्सर भारत के लिए आर्थिक रूप से स्थिरता व विकास लेकर आएगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान की हुई शुरुआत

नरसिंहपुर, देशबन्धु। प्रदेश स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में जिला मुख्यालय के देव श्री नरसिंह मंदिर परिसर में विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन व दीप प्रज्ज्वलित कर ब्रह्मध्वज वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य नाट्य का मंचन की प्रस्तुति प्रवीण नामदेव के निर्देशन में दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़िया व उपाध्यक्ष अनीता ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे व उपाध्यक्ष अजीत जाट, जिला भाजपा अध्यक्ष पं. रामस्नेही पाठक, कलेक्टर शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक मृगाखी डेका, डॉ. हरगोविंद पटेल, राजीव ठाकुर, निशा सोनी, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी और नागरिक मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सिंह ने नव संवत्सर, विक्रम संवत- 2082 और चैत्र नवरात्र की शुभकामनायें देते हुए कहा कि देश व प्रदेश में यह कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। आज सही मायने में गौरव व उत्सव का दिन है। आमतौर पर 31 दिसम्बर को जागकर नया वर्ष मनाते हैं, जबकि यह यूरोपीय संस्कृति में मनाया जाता है, इसका अनुसरण हमने किया है। शायद ही कल रात को किसी ने इस नव संवत्सर की मंगल शुभकामनायें किसी को दी हो । आज का युग परिवर्तन का युग है।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए